an>

title: Need to provide free electricty to the near by villages located within 10 km from Damodar Valley Project.

श्री रवीन्द्र कुमार राय (कोडरमा) : **अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्या को उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।**

महोदया, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण रहा है कि डीवीसी का सौतला व्यवहार झारखण्ड प्रांत के साथ अभी से नहीं आजादी मिलने के बाद से ही चलता आ रहा है। झारखण्ड के साथ उसका सौतेला व्यवहार होता रहा है, वह झारखण्ड की शिकायत नहीं सुनता है। हमारे संसदीय क्षेत्र कोडरमा जिले के जयनगर प्रखण्ड में बांजेडी ग्राम में सुपर पावर प्रोजेक्ट योजना के अंतर्गत एक हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू हो गया है। इन्होंने जब हजारों एकड़ जमीन किसानों से ली थी, तब वायदा किया था कि दस किलोमीटर की रेडियस में किसानों को और वहां रहने वाले लोगों को फ्री में बिजली देंगे। उत्पादन प्रारम्भ होने के बाद भी अब तक एक भी घर में फ्री बिजली नहीं दे रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : **आप संक्षिप्त में अपनी बात रखिए।**

श्री रवीन्द्र कुमार राय : **महोदया, मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि सरकार और ऊर्जा मंत्री महोदय इसमें पहल करें और डीवीसी पर दबाव डालें कि वह अपने वायदे के अनुसार वहां की स्थानीय जनता को बिजली दे और झारखण्ड प्रदेश को बिजली में प्राथमिकता दे अन्यथा भविष्य में किसान इस तरह के प्रोजेक्ट्स को जमीन नहीं देंगे और ऐसे प्रोजेक्ट्स को रोकने के लिए मजबूर हो जाएंगे। इसलिए मेरा अनुरोध है कि उनको वायदे के अनुसार काम करने के लिए आदेश दिया जाए।**